# NALANDA OPEN UNIVERSITY

**Assignment Questions (Session 2021-24)**

**[for Annual Examination, 2024]**

## BACHELOR OF COMMERCE (B.COM.), PART-III

### सत्रीय कार्य जमा करने की विधि

नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए, निर्धारित प्रोग्राम्स में, सत्रीय कार्य जमा करना आवश्यक है । इसके लिये प्रत्येक पत्र में सम्बन्धित विद्यार्थी को तीन प्रश्न (**प्रत्येक प्रश्न 10-10 अंकों के**) दिये गये हैं, जिनमें से दो प्रश्नों (**कुल 20 अंक**) का उत्तर अपने हस्तलिपि में विश्वविद्यालय द्वारा दी हुई सत्रीय कार्य उत्तरपुस्तिका में लिखना है । विद्यार्थियों से आग्रह है कि वे प्रत्येक पत्र के लिये दिये गये, निर्देश के अनुसार, स्वअध्ययन, स्वविवेक और अपनी प्रतिभा के अनुसार दो प्रश्नों का उत्तर अपने हस्तलिपि में लिखें । यह कार्य उन्हें अपने घर में रहकर करना है । किसी भी पुस्तक या नालन्दा खुला विश्वविद्यालय द्वारा दी गयी पाठ्यसामग्री से **नकल करने पर उनकी उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा । साथ ही, नियमानुसार, विश्वविद्यालय उनके विरूद्ध अलग से भी सख्त कार्यवाही कर सकेगा ।** विद्यार्थियों से अनुरोध है कि सत्रीय कार्य की उत्तरपुस्तिका तथा उसके लिफाफा पर वे अपना नाम, अनुक्रमांक तथा पत्र संख्या अवश्य लिखें । नामाकंन संख्या (अनुक्रमांक) गलत होने पर सत्रीय कार्य की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा । प्रत्येक पत्र के सत्रीय कार्य को अलग–अलग लिफाफों में डालकर सील कर दें और सील बन्द लिफाफा को वे सम्बन्धित पत्र की लिखित परीक्षा के दिन अपने साथ परीक्षा केन्द्र पर लेते आयें, अर्थात, जिस दिन प्रथम पत्र की लिखित परीक्षा हो, उस दिन वे प्रथम पत्र से सम्बन्धित सत्रीय कार्य की उत्तरपुस्तिका का सील्ड लिफाफा अपने साथ परीक्षा हॉल में ले आयें और उसे अपने सीट पर रख लें । इसी प्रकार, जिस दिन द्वितीय पत्र की लिखित परीक्षा हो, उसी दिन द्वितीय पत्र से सम्बन्धित सत्रीय कार्य की उत्तर पुस्तिका का सील्ड लिफाफा ले आयें । तदनुसार, अन्य पत्रों की लिखित परीक्षा के दिन, उन पत्रों से सम्बन्धित सील्ड लिफाफा अपने साथ ले आयें और उसे अपने सीट पर रख लें । प्रत्येक दिन परीक्षा से सम्बन्धित वीक्षकगण आपके सीट से आपका सील्ड लिफाफा संग्रह कर लेंगे और उपस्थित पंजी पर आपका हस्ताक्षर ले लेंगे, जो इस बात का प्रमाण होगा कि आपने पत्र के लिए अपना सत्रीय कार्य जमा कर दिया है । सत्रीय कार्य की उत्तर पुस्तिका को किसी भी हालात में डाक अथवा कुरियर से नहीं भेजें क्योंकि विश्वविद्यालय इसको स्वीकार नहीं करेगा । किसी भी पत्र में Theory Paper की परीक्षा समाप्त हो जाने के बाद, उस पत्र से सम्बन्धित सत्रीय–कार्य पुस्तिका स्वीकार नहीं की जायेगी ।

### METHODS OF SUBMISSION OF ASSIGNMENT

Each student shall be required to submit two assignments of 20 marks in each theory paper of all programmes where no practical/project work is prescribed. For this purpose, the University administration will set out and provide to each student three different topics in each theory paper; out of which he/she will be required to write out and submit assignment work only on two topics of his her choice in the answer book provided to him/her for this purpose by the University. Both the assignments, each carrying equal marks, shall be evaluated for the purpose of examination. It is again emphasized that writing of two assignment in each theory paper, where no practical/project work is prescribed, is compulsory and unless it is done and assignment copy submitted to the University on the date of the examination of the theory portion of the concerned paper, the study requirement of the student will not be taken to have been completed and he/she will be declared to have failed. Besides, it has, now, been decided by the University to club the marks obtained by a student in his/her assignment work/project work with the marks obtained by him/her in the written examination of that paper to determine his/her pass percentage in the concerned paper. Hence, it is in student's interest that he/she submits the assignment work in time. Students are also advised to prepare their assignments very carefully and meticulously. They must write assignment in their own handwriting. Assignment answers should not be copied from the learning material supplied by the University or from any other source. Assignments must be submitted in the answer books provided to the students by the University for this purpose. In no case, assignment written assignment written in private copy will be accepted by the University. In case of loss of assignment copy, fresh assignment copy may be procured from the University on payment of Rs. 100.00 by bank draft. Similarly, Project-Work, wherever prescribed, must also be submitted by the fixed date, failing which the student will be deemed to have failed in the concerned subject.

# ASSIGNMENT QUESTIONS (सत्रीय कार्य)

## B.Com. (HONOURS) PAPER-V

[Cost Accounting]

**Answer Any Two Questions.** (सभी प्रश्न 10–10 अंकों के हैं)

1. Explain the objectives and scope of cost accounting.
   लागत लेखांकन के उद्देश्य एवं क्षेत्र की व्याख्या कीजिए ।
2. What do you mean by Stores (Material) Control ? What are its objectives ? How stores control is effected through ABC analysis of stores ?
   सामग्री नियंत्रण से आप क्या समझते हैं ? इसके क्या उद्देश्य हैं ? स्टोर्स के ABC विश्लेषण द्वारा किस प्रकार सामग्री–नियंत्रण किया जाता है ?
3. Mr. Sudhir commenced his contract on 1st January, 2015. Prepare contract account from the following information's:-
   Material issued to contract during the year Rs. 60,000; wages 50% of materials; indrirect expenses 25% of wages. Plant Rs. 21,000; of the materials issued, materials worth Rs. 2,000 were lost by fire and worth Rs. 1000 were stolen away by thieves. Plant at site on 31st December, 2015 was Rs. 18,000. Cash received Rs. 1,20,000 which is 80% of work certified, work uncertified Rs. 4,500.
   1 जनवरी, 2015 को मि0 सुधीर ने अपना ठेका शुरु किया । निम्नांकित सूचनाओं से ठेका खाता बनाइये–
   वर्ष में ठेके के लिए सामग्री निर्गमित की गयी 60,000 रु० मजदूरी र्निमित सामग्री का 50% अप्रत्यक्ष व्यय मजदूरी का 25% पलाण्ट 21,000 रु० निर्गमितसामग्री में से 2,000 रु० की सामग्री आग से नष्ट हो गयी थी और 1,000 रु० की सामग्री चोर ने चोरी कर ली थी । 31 दिसम्बर, 2015 को कार्यस्थल पर 18,000 रु० का पलाण्ट था । रोकड़ प्राप्त 1,20,000 रु० जो प्रमाणित कार्य का 80% है; अप्रमाणित कार्य 4,500 रु० है ।

## B.Com. (HONOURS) PAPER-VI

[Management Accounting]

**Answer Any Two Questions.** (सभी प्रश्न 10–10 अंकों के हैं)

1. Discuss the nature and scope of management accounting.
   प्रबन्धकीय लेखाविधि की प्रकृति एवं क्षेत्र का विवेचना कीजिए ।
2. Describe briefly the accounting principles, concepts and conventions.
   लेखांकन सिद्धान्तों, अवधारणाओं और परम्पराओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।
3. Describe the functions of a management accountant.
   एक प्रबन्धकीय लेखापाल के कार्यों का वर्णन कीजिए ।

## B.Com. (HONOURS) PAPER-VII

[Taxation Law & Accounts]

**Answer Any Two Questions.** (सभी प्रश्न 10–10 अंकों के हैं)

1. Briefly describe different kinds of securities.
   विभिन्न प्रकार की प्रतिभूतियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।
2. Describe the powers of Income-Tax Commissioner.
   आय–कर आयुक्त की शक्तियों का वर्णन कीजिए ।
3. What is perquisite ? Explain tax-free perquisites.
   अनुलाभ क्या है ? कर–मुक्त अनुलाभों की व्याख्या कीजिए ।

## B.Com. (HONOURS) PAPER-VIII

[Business Statistics and Business Mathematics]

**Answer Any Two Questions.** (सभी प्रश्न 10–10 अंकों के हैं)

1. If A = {1,2,3,4,5}, B = {2,4,6,8,10} then find the (i) $A \cup B$ (ii) $A \cap B$ (iii) $A - B$ (iv) $B - A$.
   यदि A = {1,2,3,4,5}, B = {2,4,6,8,10} तो (i) $A \cup B$ (ii) $A \cap B$ (iii) $A - B$ (iv) $B - A$ ज्ञात कीजिए ।
2. Draw Histogram from following data :—
   निम्नलिखित आंकड़ो से आयत चित्र बनाइए :–

| CI | 0-5 | 5-10 | 10-15 | 15-20 | 20-25 | 25-30 | 30-35 | 35-40 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *f* | 4 | 9 | 13 | 18 | 22 | 17 | 10 | 5 |

3. Calculate the Standard Deviation from the following data.
   निम्नलिखित समंक से प्रमाप विचलन ज्ञात कीजिए ।

| वस्तु का आकार (Size of items) | 5 | 10 | 15 | 20 | 25 | 30 | 35 | 40 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृति (Freq) | 2 | 7 | 11 | 15 | 10 | 4 | 2 | 1 |

— × — × —